# University in News on 06 August 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम संग 14 विषयों में पूरे प्रदेश को ई-कंटेंट देगा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय अपने यहां लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के साथ ही पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए ई-कंटेंट उपलब्ध कराएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों को ई-कंटेंट देने की व्यवस्था करने के लिए कहा है। लविवि को 14 विषयों का ई-कंटेंट तैयार करने को कहा गया है। यह ई-कंटेंट उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर हर विद्यार्थी के लिए उपलब्ध रहेगा।

कोरोना काल में पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। विश्वविद्यालय और कॉलेजों में क्लास नहीं चल पा रही हैं। इसकी वजह से ऑनलाइन क्लास और ई-कंटेंट का सहारा लिया जा रहा है। संस्थानों को सभी विषयों के ई-कंटेंट न तैयार करना पड़े, इसके लिए विभिन्न संस्थानों के बीच विषयों का बंटवारा कर दिया गया है। इस तरह से एक विवि के तैयार ई-कंटेंट दूसरे विवि के विद्यार्थी पढ़ सकते हैं। लविवि को इनमें 14 विषयों का ई-कंटेंट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। ई-कंटेंट तैयार करके केंद्रीकृत पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इस तरह से कोई भी विद्यार्थी उन्हें आसानी से उन्हें डाउनलोड कर सकेंगे।



ई-कंटेंट उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर हर विद्यार्थी के लिए रहेगा उपलब्ध

### इन विषयों के ई-कंटेंट तैयार करेगा लविवि

अरेबिक, मध्यकालीन भारतीय इतिहास, ओरिएंटल स्टडीज पर्शियन एंड अरेबिक, पर्शियन, लोक प्रशासन, उर्दू, वेस्टर्न हिस्ट्री, एस्ट्रोनॉमी, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, जियोलॉजी, अप्लाइड इकोनॉमिक्स, कॉमर्शियल आर्ट, अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमिनटीज, सिविल इंजीनियरिंग

### लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम से रहेगी पूरी निगरानी

लखनऊ विश्वविद्यालय नए शैक्षिक सत्र 2020-21 से ऑनलाइन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) की शुरूआत करने जा रहा है। इसमें शिक्षक और छात्र सभी एक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लॉगिन के माध्यम से जुड़ेंगे। इसमें विद्यार्थी अपना कोर्स और शिक्षक चुन सकेंगे। शिक्षक अपने लेक्चर, ई-कंटेंट व अन्य पाठ्य सामग्री इस पर अपलोड करेंगे। विद्यार्थी इसे ऑनलाइन पढ़ सकेंगे। जिसके बाद इस सिस्टम पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन टेस्ट देने, एसाइनमेंट करने, प्रेजेंटेशन करने का भी अवसर मिलेगा। एलएमएस पर ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करने की सुविधा होगी। इसके साथ ही विभिन्न आधार पर विश्लेषण की भी इस पर उपलब्ध होगी। यह विश्लेषण विद्यार्थियों को किसी कोर्स, पेपर, यूनिट में मिले नंबरों के आधार पर किया जा सकेगा।

## बीएड परीक्षा में एक घंटे पहले पहुंचेंगे परीक्षार्थी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा नौ अगस्त को होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले सेंटर पर पहुंचना होगा। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहले पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे के बीच होगी।

**दो पालियों में होगी परीक्षा**

लविवि प्रवक्ता दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसें आठ और नौ को चलती रहेंगी। सरकार ने सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश-पत्र के साथ आवागमन अनुमति सरकार दे दी है। परीक्षा केंद्र पर कक्षों तथा फर्नीचर को एक दिन पहले ही सैनिटाइजेशन कराने की व तापमान मापने तथा मास्क लगाकर ही प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। हैंडवाश की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों के अंगुलियों के चिह्न लेने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अलग-अलग डिस्पोजेबल स्ट्रिप की भी व्यवस्था की गई है।

**THE PIONEER PAGE 4**

## BEd-JEE to be in held in two shifts on Aug 9

**Lucknow (PNS):** State coordinator, BEd-JEE, Amita Bajpayee from Lucknow University said on Wednesday that the exam would be conducted in two shifts on August 9. "The first shift will be held from 9 am to 12 noon and the second from 2 pm to 5 pm. The candidates are advised to reach their respective centres an hour prior to the commencement of exam," she said.

All the public transport, including tempos, taxis, private and government buses will be running on that day and the candidates have been allowed by the government to move with their admit cards. The candidates should bring their own masks, sanitisers, water as well as edible items.

**DAINIK JAGRAN PAGE 5**

## दो पालियों में होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**जासं, लखनऊ :** नौ अगस्त को होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पूर्व अभ्यर्थियों को केंद्र पर पहुंचना होगा। यह जानकारी लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने दी।

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसें इत्यादि आठ और नौ अगस्त को सुचारु रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश-पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दे दी गई है।

**PIONEER PAGE 3**

## बीएड परीक्षार्थियों को एक घण्टे पूर्व केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 9 अगस्त को आयोजित होने वालीए संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर एक घण्टे पूर्व पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जाएगी। बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 स्टेट नोडल आफिसर प्रो अमिता बाजपेई ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसें इत्यादि 8 व 9 अगस्त को सुचारू रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दी गई है। प्रत्येक परीक्षार्थी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कक्षों तथा फर्नीचर इत्यादि को परीक्षा के एक दिन पूर्व ही सेनेटाइज कराने की व परीक्षा के दिन, प्रत्येक परीक्षार्थी, कक्ष निरीक्षक एवम परीक्षा से सम्बंधित हर व्यक्ति का इन्फ्रारेड थर्मामीटर द्वारा शारीरिक तापमान मापने तथा मास्क लगाकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेनेटाइजेशन की प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए इस कार्य हेतु समर्पित व इस कार्य हेतु उत्तरदायी एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए, प्रत्येक परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए सेनेटाइजर, हैंडवाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा व सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करें व अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य की रक्षा हेतु परीक्षा केंद्र पर अपना मास्क, सैनिटाइजर, पानी तथा आवश्यतानुसार अपने खान पीने की सामग्री अपने साथ लेकर जाएँ, जिससे उन्हें कोई असुविधा न हो।

**आगामी नौ अगस्त को आयोजित होनी है परीक्षा**